अ **amarujala.com**/video/punjab/chandigarh-punjab/video-three-youths-from-ferozepur-arrested-in-faridkot-with-50-grams-of-heroin-2026-08-07

Nivedita

फरीदकोट में थाना सिटी पुलिस ने 50 ग्राम हेरोइन सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर उसके दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोजपुर जिले के गांव दुलचीके निवासी जसकरण सिंह उर्फ कर्ण, उसके साथी सेवक सिंह तथा फिरोजपुर के ही गांव प्रीतम सिंह वाला निवासी गुरसेवक सिंह उर्फ काला के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, एसएसपी गुरबंस सिंह बैंस के दिशा-निर्देशों पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिटी के सब-इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त एवं चेकिंग के दौरान अनाज मंडी क्षेत्र में शक के आधार पर जसकरण सिंह उर्फ कर्ण को काबू किया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान जसकरण ने खुलासा किया कि उसने यह हेरोइन अपने दो साथियों सेवक सिंह और गुरसेवक सिंह उर्फ काला से प्राप्त की थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को भी मामले में नामजद कर छापेमारी के दौरान गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी तरलोचन सिंह ने बताया कि पुलिस तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी, ताकि हेरोइन की सप्लाई चेन और इस मामले से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा सके। मामले की जांच जारी है।

# फिरोजपुर पुलिस ने 415 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा आरोपी

अ amarujala.com/video/punjab/chandigarh-punjab/video-firozpur-police-nab-accused-with-415-grams-of-heroin-2026-08-06

शाहिल शर्मा

चण्डीगढ़-पंजाब ब्यूरो

Updated Thu, 06 Aug 2026 07:26 PM IST

फिरोजपुर पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर एक आरोपी को काबू किया है, तलाशी के दौरान आरोपी से 415 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। हेरोइन पाकिस्तान से आई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 560 ग्राम हेरोइन, 3 पिस्तौल संग दो तस्कर गिरफ्तार

**dainiksaveratimes.com**/punjab/two-arrested-with-heroin-and-a-pistol

Kulveer singh August 6, 2026

August 6, 2026

**Two arrested with heroin and a pistol** : **संगरूर।** पुलिस ने "नशे के खिलाफ जंग" अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो कथित ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 560 ग्राम हेरोइन, तीन अवैध पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार आरोपियों का संबंध बड़े ड्रग नेटवर्क से हो सकता है, जिसकी गहन जांच जारी है।

## रिमांड में खुलासा, दूसरे से हथियार-हेरोइन मिली

उन्होंने बताया कि 1 अगस्त 2026 को गश्त के दौरान पुलिस की टीम संगरूर के हरिपुरा बस्ती इलाके में मिलिट्री एरिया के पास मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने किसानपुरा रोड, संगरूर के रहने वाले बलदेव सिंह के बेटे सिमरनजीत सिंह उर्फ मोगली को गिरफ़्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 510 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसके बाद उसके ख़िलाफ़ NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान, पुलिस ने इस मामले में अजीत नगर, संगरूर के रहने वाले गुरजंट सिंह के बेटे गुरप्रीत सिंह उर्फ भैरो को भी आरोपी बनाया। जब अदालत से रिमांड लेकर उससे पूछताछ की गई, तो उसके पास से 50 ग्राम और हेरोइन, दो .32 बोर की पिस्तौल, एक .30 बोर की PX5 ब्रांड पिस्तौल, एक मैगज़ीन और तीन ज़िंदा कारतूस बरामद हुए।

## 17 केस दर्ज, मुंबई-गुजरात में छिपा था आरोपी

SSP ने कहा कि दोनों आरोपियों से गहराई से पूछताछ की जा रही है और जांच के दौरान और भी अहम खुलासे होने की उम्मीद है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि ये नशीले पदार्थ और हथियार कहाँ से लाए गए थे और इस गैंग से और कौन-कौन जुड़ा है। डॉ. ग्रेवाल ने आगे कहा कि गुरप्रीत सिंह उर्फ भैरो लंबे समय से बड़े पैमाने पर ड्रग तस्करी के धंधे में शामिल था। ड्रग तस्करी समेत विभिन्न अपराधों के तहत उसके ख़िलाफ़ पहले ही 17 मामले दर्ज हो चुके हैं। कई मामलों में भगोड़ा और वॉन्टेड होने के कारण वह पंजाब छोड़कर मुंबई और गुजरात में छिपा हुआ था। पुलिस को अब उसे गिरफ़्तार करने में बड़ी कामयाबी मिली है और उसके पुराने नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

संगरूर पुलिस का कहना है कि ड्रग तस्करों के ख़िलाफ़ अभियान और तेज़ किया जाएगा और किसी भी तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा। इस ऑपरेशन से न केवल भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद हुए हैं, बल्कि अवैध हथियार भी पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी से पूछताछ के दौरान ड्रग तस्करी के बड़े नेटवर्क से जुड़ी और भी अहम बातें सामने आएंगी, जिससे इस गैंग के खिलाफ और भी असरदार कार्रवाई की जा सकेगी।

# जम्मू पुलिस की बड़ी कारेवाई, सतवारी में 63 ग्राम हेरोइन के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**dainiksaveratimes.com**/jammu-kashmir/jammu-kashmir-police-arrested-two-smugglers-with-heroin-in-satwari

Ankush Bhandari August 6, 2026

August 6, 2026

**जम्मू:** नशा मुक्त जम्मू कैंप और SANJY-2026 के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत ड्रग तस्करी के खिलाफ अपनी तेज़ मुहिम को जारी रखते हुए, जम्मू पुलिस ने सतवारी इलाके में एक नाका चेकिंग ऑपरेशन के दौरान दो कथित ड्रग तस्करों को गिरफ्तार करके और लगभग 63 ग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद करके एक और बड़ी कामयाबी हासिल की।

पुलिस के मुताबिक, 2 अगस्त, 2026 को सतवारी एयरपोर्ट रोड के पास संत नगर में एक नाका लगाया गया था, जहाँ पुलिस स्टेशन सतवारी की एक पुलिस टीम ने रजिस्ट्रेशन नंबर JK02DV-8598 वाली एक स्कूटी को रोका। तलाशी के दौरान, दोनों सवारों की पहचान सतिंदर सिंह, बेटे गुरमीत सिंह, निवासी भौर कैंप, चट्ठा, और सोम राज, बेटे बिशन दास, निवासी सेरी कल्लन, नगरोटा, जम्मू के रूप में हुई।

अपनी पर्सनल तलाशी के दौरान, पुलिस को सतिंदर सिंह के पास से लगभग 59 ग्राम संदिग्ध हेरोइन और सोम राज के पास से 4 ग्राम संदिग्ध हेरोइन मिली, जिससे कुल ज़ब्ती लगभग 63 ग्राम हो गई। दोनों आरोपियों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया, और तय कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ज़ब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री को ज़ब्त कर लिया गया। मामले के संबंध में, पुलिस स्टेशन सतवारी में NDPS एक्ट की धारा 8/21/22/25/29 के तहत FIR नंबर 220/2026 दर्ज की गई है। पुलिस ने नशीले पदार्थों के सोर्स का पता लगाने, जिन्हें ये मिले उनकी पहचान करने और ड्रग नेटवर्क से जुड़े किसी भी आगे या पीछे के लिंक का पता लगाने के लिए एक डिटेल्ड जांच शुरू की है।

जम्मू पुलिस ने समाज से ड्रग्स के खतरे को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और नागरिकों से ड्रग तस्करी या बेचने से जुड़ी किसी भी जानकारी की रिपोर्ट करके एंटी-ड्रग कैंपेन का सक्रिय रूप से समर्थन करने का आग्रह किया। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी, और इस बात पर ज़ोर दिया कि ड्रग-फ्री जम्मू बनाने में जनता का सहयोग बहुत जरूरी है।

# लुधियाना केंद्रीय जेल में बड़ी चूक, 34 ग्राम हेरोइन और 5 मोबाइल फोन बरामद, दो हवालातियों पर केस दर्ज

**lalluram.com**/ludhiana-central-jail-heroin-mobile-phone-recovered-two-undertrials-booked

News Desk August 6, 2026

**लुधियाना** : स्थानीय केंद्रीय जेल में एक बार फिर से नियमों की धज्जियां उड़ी है। यहां बंद अपराधियों और हवालातियों की लगातार शिकायतें आ रही है। जेल प्रशासन द्वारा की गई अचानक चेकिंग के दौरान दो हवालातियों के कब्जे से नशीला पदार्थ और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इसके पहले भी पंजाब के कई जिलों में छुपे तौर पर बंदी मोबाइल का उपयोग करते पकड़े गए हैं। जेल अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पर्चा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

केंद्रीय जेल लुधियाना से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों जेल परिसर और बैरकों में अचानक तलाशी अभियान चलाया गया था। जैसे ही चेकिग चालू हुई वहां बंद कैदियों में सनसनी फैल गई। चेकिंग के दौरान वहां बंद हवालाती सोनू ठाकुर और कुलविंदर सिंह की तलाशी लेने पर उनके पास से 34 ग्राम सफेद रंग का नशीला पदार्थ (हेरोइन/चिट्टा) और 5 मोबाइल फोन (विभिन्न ब्रांड्स के) बरामद हुए। इस जपती के बाद यह तो निश्चित हो गया है कि जेल में खुलेआम नशीले पदार्थ पहुंचाए जा रहे हैं।

जेल प्रशासन का कहना है कि उच्च सुरक्षा वाली जेल के अंदर नशीला पदार्थ और मोबाइल फोन रखना जेल नियमों का गंभीर उल्लंघन है। सहायक सुपरिटेंडेंट के बयानों और पत्र के आधार पर स्थानीय थाना पुलिस ने दोनों आरोपी हवालातियों सोनू ठाकुर और कुलविंदर सिंह के खिलाफ प्रिजन एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) की संबंधित धाराओं के तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि जेल की सलाखों के पीछे मोबाइल और नशीला पदार्थ पहुंचाने में किन बाहरी या अंदरूनी तत्वों का हाथ था।

# बहरोड़ में 60 किलो अफीम डोडा चूरा जब्त:देवनगर से दो तस्कर गिरफ्तार, 3.32 लाख नकदी भी बरामद

bhaskar.com/local/rajasthan/alwar/behror/news/behror-devnagar-opium-smuggling-arrest-cash-seized-138650928.html

दैनिक भास्कर

August 6, 2026

कोटपूतली-बहरोड़ जिले की बहरोड़ सदर थाना पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने संयुक्त कार्रवाई मेंअफीम डोडा चूरा तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने देवनगर से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 60.730 किलोग्राम अफीम डोडा चूरा और 3

# कोटा-माण्डल हाइवे पर बाइक के गुप्त बॉक्स से 1.865 किग्रा अफीम बरामद, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

pratahkal.com/bhilwara/bhilwara-illegal-opium-smugglers-arrested-1619691

Anshul Toshniwal, Bhilwara August 6, 2026

भीलवाड़ा के कोटा-माण्डल हाईवे स्थित सरहद ग्राम गणेशपुरा के पास पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थ की तस्करी का पर्दाफाश करते हुए दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बिना नम्बर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल और 1.865 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए मोटरसाइकिल में विशेष रूप से तैयार किए गए एक गुप्त बॉक्स में अफीम छिपाकर रखी थी।

जानकारी के अनुसार, पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कोटा हाईवे की ओर से माण्डल की तरफ बिना नम्बर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आ रहे हैं, जिनके पास भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ हो सकता है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सरहद ग्राम गणेशपुरा के पास तत्काल नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ ही देर बाद मुखबिर के बताए अनुसार एक बिना नम्बर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए।

हाईवे पर नाकाबंदी देखकर दोनों बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उन्हें रोक लिया। इसके बाद मोटरसाइकिल की गहन तलाशी ली गई। जांच के दौरान बाइक के बाईं ओर बड़ी चालाकी से बनाया गया एक गुप्त बॉक्स मिला। जब बॉक्स खोला गया तो उसमें से 1.865 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

पुलिस ने अवैध अफीम और बिना नम्बर की मोटरसाइकिल जब्त कर दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कैलाश चन्द्र धाकड़ (31), पुत्र भूरालाल धाकड़, निवासी ग्राम सैनातलाई, थाना सिंगोली, जिला नीमच (मध्य प्रदेश) तथा प्रदीप कुमार सैन (31), पुत्र शिवलाल सैन, निवासी ग्राम तिलस्वा, थाना बिजौलिया, जिला भीलवाड़ा के रूप में हुई है।

दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि अफीम की यह खेप मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र से लाई जा रही थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह अफीम किससे खरीदी गई थी और इसकी आगे किसे आपूर्ति की जानी थी। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# धर्मकोट पुलिस ने 500 ग्राम अफीम सहित दो तस्कर किए गिरफ्तार

अ amarujala.com/video/punjab/chandigarh-punjab/video-dharmkot-police-arrested-two-smugglers-with-500-grams-of-opium-2026-08-06

पवन कुमार

धर्मकोट थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 500 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी जितेन्दर सिंह ने बताया कि थाना धर्मकोट की पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर खास की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को काबू किया। तलाशी लेने पर उनके पास से 500 ग्राम अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बूटा सिंह निवासी जिला जालंधर और अमरीक सिंह निवासी जिला जालंधर के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आगे की जांच जारी हे

# जीजा के मेडिकल स्टोर पर बेचता था अफीम, 429 ग्राम सहित पकड़ा

**bhaskar.com**/local/rajasthan/sriganganagar/news/used-to-sell-opium-at-brother-in-law39s-medical-store-caught-with-429-grams-dbp-138654130.html

दैनिक भास्कर August 7, 2026

श्रीगंगानगर| कोतवाली पुलिस ने एक युवक को मादक पदार्थ अफीम की 429 ग्राम मात्रा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ गुरुवार देर रात सेतिया चौकी प्रभारी रामेश्वर बिश्नोई की ओर से मुकदमा दर्ज करवाया गया। सीओ सिटी विष्णु खत्री ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच एसआई नागेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

रात्रिकालीन डयूटी अधिकारी चौकी प्रभारी रामेश्वरलाल ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड जवाहरनगर निवासी 36 वर्षीय हरीश अरोड़ा पुत्र अशोक अरोड़ा को नेहरू पार्क के पास से पकड़ा है। आरोपी पैदल जा रहा था और पुलिस को आते देख भागने लगा। इस पर संदेह के आधार पर पीछा कर डिटेन किया। आरोपी के पास तलाशी में मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि वह उधमसिंह चौक से भाटिया पेट्रोल पंप रोड पर अपने बहनोई दीपक अरोड़ा के सनराइज मेडिकल स्टोर पर काम करता है। करीब पांच साल से स्वयं अफीम का नशा करता है और साथ में चुनिंदा ग्राहकों को बेचता भी है। इस कार्रवाई के दौरान चौकी से हैड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार की विशेष भूमिका रही। कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल सुभाष धत्तरवाल व कुलदीप कुमार भी टीम में साथ थे।

आरोपी हरीश अरोड़ा ने सेतिया चौकी पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह अफीम पुरानी आबादी में शिव मंदिर के पीछे वाली गली निवासी निशु उर्फ नीरज मल्होत्रा पुत्र विनोद अरोड़ा से खरीदकर लाता था। इस सूचना पर कोतवाली थाना से एक टीम को आरोपी की तलाश में छापेमारी के लिए भेजा गया लेकिन आरोपी घर पर नहीं मिला और फरार हो गया। कोतवाल तेजवंत सिंह बराड़ ने बताया कि नशा तस्करों के खिलाफ जीरो टोलरेंस के तहत काम करने के निर्देश हैं। हर तरह के नशा की तस्करी के आरोपियों को पकड़कर जेल में बंद किया जाएगा।

# ऑटोमोबाइल्स दुकान की आड़ में अफीम की गोलियां बेचते गिरफ्तार:तस्कर कर रहा था अवैध नशे का कारोबार, 32 हजार 284 गोलियां की जब्त

**bhaskar.com**/g/local/rajasthan/jodhpur/news/jodhpur-borunda-police-raid-opium-pills-seizure-arrest-138648417.html

दैनिक भास्कर August 6, 2026

जोधपुर ग्रामीण की डीएसटी और बोरूंदा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध नशीली गोलियों के कारोबार का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने ऑटोमोबाइल्स दुकान की आड़ में अफीम से बनी नशीली गोलियों की तस्करी करने वाले शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी से भारी मात्रा में 32 हजार 284 अफीम निर्मित नशीली गोलियां जब्त की गई हैं।

पुलिस मुख्यालय और जोधपुर रेंज आईजी द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसपी पंकज के निर्देशन व एएसपी भोपालसिंह लखावत के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।

डीएसटी प्रभारी श्रवणकुमार भंवरिया को एएनटीएफ नागौर के निरीक्षक इमरान खान से इनपुट मिला था। इस सूचना के आधार पर डीएसटी और बोरूंदा पुलिस की टीम ने कस्बे स्थित टाक ऑटोमोबाइल्स पन्नालाल एंड नारायणलाल संस पर दबिश दी।

**तस्कर के दुकान और मकान में एक साथ कार्रवाई**

पुलिस टीम ने गुलशन कॉलोनी बोरूंदा निवासी दुकान मालिक पन्नालाल पुत्र नारायणलाल टाक कलाल की ऑटोमोबाइल्स दुकान और रिहाइशी मकान पर एक साथ दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अफीम से बनी 32 हजार 284 नशीली गोलियों का जखीरा बरामद किया गया।

पुलिस ने आरोपी पन्नालाल को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पुलिस थाना बोरूंदा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच पीपाड़ शहर थानाधिकारी को सौंपी गई है।

# पुलिस ने पति-पत्नी को दबोचा:283 ग्राम अवैध चरस बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा

**bhaskar.com**/local/uttar-pradesh/saharanpur/sarsawa/news/saharanpur-police-arrest-couple-charas-narcotics-raid-operation-savera-138650164.html

दैनिक भास्कर

August 6, 2026

सरसावा (नकुड़), सहारनपुर20 घंटे पहले

सहारनपुर पुलिस के 'ऑपरेशन सवेरा' अभियान के तहत चिलकाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक पति-पत्नी को 283 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत, थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गुरुवार को गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान, ग्राम फिरोजाबाद से पाजबांगर जाने वाले मार्ग पर मेहरबान पुत्र सत्तार और उसकी पत्नी फरजाना को गिरफ्तार किया गया। ये दोनों चिलकाना थाना क्षेत्र के ग्राम दूधगढ़ के निवासी हैं।

तलाशी लेने पर, मेहरबान के पास से 144 ग्राम और फरजाना के पास से 139 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। कुल 283 ग्राम चरस की बरामदगी के बाद, चिलकाना थाने में दोनों के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों के मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की भी जांच की जा रही है।

# पुलिस ने नशा तस्कर को 155 ग्राम चरस के साथ:सहारनपुर के नागलमाफी वन विभाग तिराहे से हुई गिरफ्तारी

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/saharanpur/sadhauliqadeem/news/saharanpur-police-arrest-iqbal-bhura-charas-smuggler-mirzapur-138648242.html

दैनिक भास्कर

August 6, 2026

तबरेज़ अली | सढ़ौली कदीम (बेहट), सहारनपुर23 घंटे पहले

सहारनपुर पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। मिर्जापुर थाना पुलिस ने नागलमाफी स्थित वन विभाग तिराहे के पास से इकबाल उर्फ भूरा को 155 ग्राम अवैध चरस के साथ पकड़ा।

यह कार्रवाई गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान इकबाल उर्फ भूरा पुत्र लतीफ निवासी ग्राम फेतहपुर नौआबाद उर्फ भूरीवाला (नागलमाफी), थाना मिर्जापुर, जिला सहारनपुर के रूप में हुई है।

पुलिस ने उसके कब्जे से 155 ग्राम अवैध चरस बरामद की है।थाना मिर्जापुर में अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 225/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब मादक पदार्थों के इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों और इसके 'फॉरवर्ड एंड बैकवर्ड लिंक्स' की जांच कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राम कुमार गौतम, हेड कांस्टेबल गौरव भाटी और कांस्टेबल अमित कुमार शामिल थे।

# देवबंद में ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद 2 तस्कर गिरफ्तार:एक के पास 45 पव्वे, दूसरे से 255 ग्राम चरस बरामद

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/saharanpur/deoband/news/deoband-saharanpur-police-arrest-drug-smugglers-illegal-liquor-charas-138650186.html

दैनिक भास्कर August 6, 2026

आबाद अली | देवबन्द20 घंटे पहले

सहारनपुर के देवबंद में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ ग्रामीणों के प्रदर्शन के एक दिन बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर और एक चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब और चरस बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

दरअसल, बुधवार को मंझौल गांव की महिलाओं और पुरुषों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया था। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की थी।

### 45 पव्वे देसी शराब के साथ पकड़ा गया तस्कर

ग्रामीणों के विरोध के बाद गुरुवार को पुलिस ने मंझौल निवासी दमन सिंह को चौंदाहेड़ी मार्ग से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से देसी शराब के 45 पव्वे बरामद हुए। जांच अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

इसी अभियान के दौरान पुलिस ने मोहल्ला लहसवाड़ा निवासी फरमान को भी गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी संदीप कुमार के मुताबिक, उसके पास से 255 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे भी कोर्ट में पेश किया गया।

### 255 ग्राम चरस के साथ दूसरा आरोपी गिरफ्तार

पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# रामपुर में 103 बोतल कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद, दो गिरफ्तार

amarujala.com/uttar-pradesh/rampur/103-bottles-of-codeine-based-cough-syrup-seized-in-rampur-two-arrested-rampur-news-c-282-1-rmp1023-177271-2026-08-07

मुरादाबाद ब्यूरो August 6, 2026

संवाद न्यूज एजेंसी, रामपुर Updated Fri, 07 Aug 2026 02:19 AM IST

रामपुर। जिले में एक बार फिर प्रतिबंधित कोडीनयुक्त सिरप के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस और औषधि विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को दो लोगों को कोडीनयुक्त कफ सिरप की 103 बोतलों के साथ गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है।
कोडीनयुक्त सिरप प्रतिबंधित है, इसके बावजूद इसकी बिक्री मेडिकल स्टोरों पर धड़ल्ले से किए जाने की सूचना मिल रही थी। सिविल लाइंस पुलिस ने सूचना के आधार पर शिवापुरम कॉलोनी के पास दो लोगों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कोडीनयुक्त कफ सिरप की 103 बोतलें बरामद हुईं। इसके बाद औषधि निरीक्षक को सूचना दी गई।

सीओ सिटी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पहाड़ी गेट निवासी मोनिस और मुरादाबाद के मुगलपुरा निवासी रेयान शामिल हैं। दोनों के कब्जे से 103 बोतलें बरामद हुई हैं। औषधि निरीक्षक की तहरीर पर सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।
औषधि निरीक्षक नेहा वैश ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों से औषधि विक्रय लाइसेंस और प्रतिष्ठान संबंधी जानकारी मांगी गई। इस पर उन्होंने स्वीकार किया कि उनके पास न तो कोई वैध औषधि विक्रय लाइसेंस है और न ही वे इस दवा के विक्रय के लिए अधिकृत हैं। बरामद सभी बोतलों को सीज कर दिया गया है।

0000 कफ सिरप के भरे गए नमूने रामपुर। औषधि विभाग की टीम ने बरामद कफ सिरप की जांच के लिए दो नमूने लेकर राजकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, लखनऊ भेजे हैं। दोनों आरोपियों को अग्रिम विधिक कार्रवाई एवं एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। औषधि विभाग ने स्पष्ट किया है कि मादक तत्वयुक्त दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# नशे के सौदागरों पर पुलिस कमिश्नर अंशुमान भोमिया का कड़ा प्रहार, 48 किलो से अधिक डोडा पोस्त के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

khaskhabar.com/local/rajasthan/jodhpur-news/news-police-commissioner-anshuman-bhomiya-cracks-down-hard-on-drug-traffickers-news-hindi-1-834417-KKN.html

Khaskhabar August 6, 2026

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस आयुक्तालय द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस कमिश्नर अंशुमान भोमिया के सख्त निर्देशों पर बड़ी सफलता मिली है. जिला पश्चिम की विवेक विहार थाना पुलिस और डीएसटी वेस्ट (DST West) की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद किया है. पुलिस टीम ने मोगड़ा-सालावास रोड पर नाकेबंदी और गश्त के दौरान एक संदिग्ध आल्टो कार को रुकवाकर तलाशी ली. तलाशी के दौरान कार से 48.700 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ.

गिरफ्तार आरोपी: कार चालक विक्रम मेघवाल और उसके साथी सुरताराम जाट को मौके से गिरफ्तार किया गया है.
वाहन जब्त: नशीले पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही आल्टो कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है.
डीसीपी वेस्ट कमल शेखावत और एडीसीपी प्रवीण कुमार के सुपरविजन में पुलिस की यह इस सप्ताह की दूसरी सबसे बड़ी सफलता है. इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने में विवेक विहार थानाधिकारी बलवंतराम और डीएसटी प्रभारी सब-इंस्पेक्टर (SI) महादेव प्रसाद की टीम की मुख्य भूमिका रही.

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच झंवर थानाधिकारी प्रह्लाद सिंह को सौंपी गई है, जो मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क और मुख्य सप्लायर का पता लगाने में जुटे हैं.

# बिलासपुर में पकड़ाया ओडिशा का गांजा तस्कर:20-KG गांजा लेकर आया था खपाने, नशीली टेबलेट और सिरप बचते 2 युवक गिरफ्तार

bhaskar.com/g/local/chhattisgarh/bilaspur/news/bilaspur-police-arrest-ganja-smuggler-drugs-seized-138648018.html

दैनिक भास्कर

August 6, 2026

प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचते युवक को पुलिस ने पकड़ा है।
बिलासपुर में सिटी कोतवाली पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पचरीघाट क्षेत्र से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट और कफ सिरप के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 50 नाइट्रोसन टेबलेट और 23 शीशी ऑनरेक्स सिरप बरामद किए हैं।

वहीं, गांजा तस्करी के एक मामले में फरार चल रहे ओडिशा के तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) और 22(बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

## सूचना पर की गई छापेमार कार्रवाई

टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पचरीघाट नाला रोड स्थित मनोहर लॉज के पास दो युवक प्रतिबंधित नशीली गोलियां और सिरप बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर दोनों युवक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया।

## 50 नाइट्रोसन टेबलेट और 23 शीशी ऑनरेक्स सिरप जब्त

पूछताछ में पहले आरोपी ने अपना नाम विनोद साहू (21) निवासी पचरीघाट, थाना सिटी कोतवाली बताया। तलाशी के दौरान उसकी पैंट की जेब से काली पॉलीथिन में रखी 50 नाइट्रोसन टेबलेट बरामद हुईं। प्रत्येक स्ट्रिप में 10-10 टेबलेट थीं।

दूसरे आरोपी विशाल कुमार बुनकर (34) निवासी पचरीघाट के कब्जे से 23 शीशी ऑनरेक्स सिरप बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नशा करने वाले लोगों को बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## फरार ओडिशा का गांजा तस्कर भी गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने पिछले सप्ताह 20 किलोग्राम गांजा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के दौरान ओडिशा के सोनपुर जिले के बिनका थाना क्षेत्र के ग्राम चरदा निवासी अजीत थनापति उर्फ भोला (36) फरार हो गया था।

उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। बुधवार को पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# कानपुर में 219 किलो गांजे के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार:ओडिशा से लाकर चित्रकूट में सप्लाई करते थे, कार की डिग्गी में छिपाकर रखा था

bhaskar.com/g/local/uttar-pradesh/kanpur/news/kanpur-police-seize-ganja-supply-odisha-chitrakoot-arrest-138656777.html

दैनिक भास्कर

August 7, 2026

पुलिस हिरासत में गांजा तस्कर और बरामद कार व उसमे रखा हुआ गांजा।
कानपुर में गुरुवार देर रात करीब 12 बजे 2 अंतरजनपदीय गांजा तस्करों को अरेस्ट किया गया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से करीब 219 किलो गांजा बरामद किया है। आरोपियों ने 2 कारों की डिग्गी में गांजा छिपा रखा था।

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि गांजा ओडिशा से लाकर चित्रकूट और आसपास के जिलों में सप्लाई करने ले जा रहे थे। अब पुलिस पूरे सिंडीकेट का खुलासा करने के लिए जांच-पड़ताल में जुटी हैं। यह कार्रवाई बिधनू थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान की।

**ऑपरेशन व्हाइट पाउडर के तहत पुलिस ने तस्करों को दबोचा** कानपुर एडीसीपी साउथ सुमित रामटेके की टीम और घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत की निगरानी में ऑपरेशन "व्हाइट पाउडर" के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, बिधनू थाना क्षेत्र में पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो कारों को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद गांजे का वजन करीब 219 किलो बताया गया है।

बरामद माल के साथ मौजूद एडीसीपी साउथ सुमित रामटेके और अन्य पुलिस अफसर।
पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गांजा ओडिशा से लाया गया था। इसे चित्रकूट और आसपास के जिलों में अलग-अलग स्थानों पर सप्लाई किया जाना था।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा तस्करी के इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और ओडिशा से नशीले पदार्थ की खेप किसके इशारे पर मंगाई जा रही थी। सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। जिससे पूरे नेक्सेस की कमर तोड़ी जा सकी।

**दोनों तस्करों से पूछताछ कर सरगना का सुराग खंगाल रही पुलिस**

कानपुर एडीसीपी साउथ सुमित रामटेके ने बताया कि गांजा तस्कर पुलिस से बचने के लिए लगातार अलग-अलग गाड़ियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके बावजूद सर्विलांस टीम ओडिशा से कानपुर की ओर आने वाले संदिग्ध वाहनों और नंबरों की निगरानी कर रही है। इसी के आधार पर पुलिस को तस्करों तक पहुंचने में सफलता मिली।

दोनों से पूछताछ, कॉल डिटेल समेत अन्य जांच में कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस इस मादक पदार्थ तस्करों के पूरे सिंडीकेट का खुलासा करने का प्रयास कर रही है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अलीगढ़ में रोरावर पुलिस ने 14 किलो गांजा जब्त किया:दो युवक और एक युवती गिरफ्तार, एनडीपीएस में कार्रवाई

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/aligarh/lodha/news/aligarh-rorawar-police-arrest-smugglers-ganja-seizure-ndps-case-138650183.html

दैनिक भास्कर August 6, 2026

अलीगढ़ की रोरावर पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में दो युवकों और एक युवती को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कुल 14 किलो 408 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। गुरुवार को रोरावर पुलिस गश्त पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि सलेमपुर रेलवे लाइन के पास से केशोंपुर जोफरी की ओर दो युवक और एक युवती गांजे के कट्टों के साथ जा रहे हैं।

सूचना के आधार पर पुलिस ने एक टीम गठित की और सलेमपुर माफी रेलवे लाइन के पास पहुंची। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के अनुसार तीनों को रोका। उनके पास प्लास्टिक के तीन बोरे थे, जिनकी तलाशी लेने पर उनमें गांजा भरा मिला।

पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान छोटे उर्फ मेहरुद्दीन पुत्र रहमुद्दीन, उसकी पत्नी जीनत (निवासी शेरपुर, बुलंदशहर, हाल तालसपुर) और इरशाद पुत्र इसराल (निवासी तालसपुर) के रूप में बताई।

बरामद गांजे का कुल वजन 14 किलो 408 ग्राम था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इस कार्रवाई में प्रभारी रविचंद्रवाल, उपनिरीक्षक सचिन कुमार, कांस्टेबल हर्ष दूभर, दीपक कुमार, कोमल तालियान, राजवीर सिंह, नटवर सिंह, सचिन कुमार, मनवीर सिंह, आकाश शर्मा, दीपक कुमार, प्रिशुभ मौतला, चालक मनोज कुमार, सुगंध प्रताप और अंकुश डवास शामिल थे।

# विद्यार्थियों को बताए रहे नशे के दुष्प्रभाव, ब्रह्माकुमारी दिला रहे नशा मुक्ति प्रतिज्ञा

**bhaskar.com**/local/mp/betul/multai/news/brahma-kumaris-are-telling-students-about-the-ill-effects-of-drugs-and-taking-a-pledge-to-free-themselves-from-drugs-dbp-138654803.html

दैनिक भास्कर August 7, 2026

मुलताई| नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 10 करोड़ प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत विद्यार्थियों को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाया जा रहा है। गुरुवार को ब्रह्माकुमारीज संस्था न

# स्कूली बच्चों ने जीवनभर नशे से दूर रहने का सामूहिक संकल्प लिया

bhaskar.com/local/chhattisgarh/bastar/news/school-children-took-a-collective-pledge-to-stay-away-from-drugs-throughout-their-lives-dbp-138652404.html

दैनिक भास्कर August 7, 2026

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 5 अगस्त को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशामुक्त जागरूकता और शपथ कार्यक्रम हुआ। उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को धूम्रपान और नशापान के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना रहा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह

# कादराबाद में छात्रों ने निकाली नशा मुक्ति रैली:समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/bijnor/hidayatpur/news/kadrabad-students-anti-drug-rally-awareness-campaign-138655556.html

दैनिक भास्कर

August 7, 2026

संगम कुमार | हिदायतपुर(अफजलगढ़), बिजनौर6 घंटे पहले

छात्रों ने निकाली नशा मुक्ति रैली।
बीएसए इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को कादराबाद में नशा मुक्ति के लिए एक विशाल रैली का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। यह रैली स्कूल के मुख्य गेट से शुरू होकर बस स्टैंड होते हुए वापस स्कूल परिसर में समाप्त हुई।

रैली के दौरान छात्र-छात्राओं के हाथों में "नशा छोड़ो, जीवन अपनाओ", "नशे को कहो ना" और "स्वस्थ भारत का निर्माण करो" जैसे संदेश लिखी तख्तियां थीं। रैली ने बस स्टैंड पर मौजूद राहगीरों और दुकानदारों का ध्यान आकर्षित किया।

छात्रों ने नारे लगाकर युवाओं और आमजन से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी बर्बाद करता है।

स्कूल के प्रधानाचार्य ऋषिराम सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है और छात्रों के इस तरह आगे आने से समाज में बड़ा बदलाव आएगा।

शिक्षक लोकेश कुमार शर्मा ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल हुए। स्कूल वापस पहुंचने पर कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# कादराबाद में छात्रों ने निकाली नशा मुक्ति रैली:समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/bijnor/hidayatpur/news/kadrabad-students-anti-drug-rally-awareness-campaign-138655556.html

दैनिक भास्कर

August 7, 2026

संगम कुमार | हिदायतपुर(अफजलगढ़), बिजनौर6 घंटे पहले

छात्रों ने निकाली नशा मुक्ति रैली।
बीएसए इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को कादराबाद में नशा मुक्ति के लिए एक विशाल रैली का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। यह रैली स्कूल के मुख्य गेट से शुरू होकर बस स्टैंड होते हुए वापस स्कूल परिसर में समाप्त हुई।

रैली के दौरान छात्र-छात्राओं के हाथों में "नशा छोड़ो, जीवन अपनाओ", "नशे को कहो ना" और "स्वस्थ भारत का निर्माण करो" जैसे संदेश लिखी तख्तियां थीं। रैली ने बस स्टैंड पर मौजूद राहगीरों और दुकानदारों का ध्यान आकर्षित किया।

छात्रों ने नारे लगाकर युवाओं और आमजन से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी बर्बाद करता है।

स्कूल के प्रधानाचार्य ऋषिराम सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है और छात्रों के इस तरह आगे आने से समाज में बड़ा बदलाव आएगा।

शिक्षक लोकेश कुमार शर्मा ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल हुए। स्कूल वापस पहुंचने पर कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मसकनवा में नशामुक्ति पर छात्रों ने निकाली रैली:मां गायत्री इंस्टीट्यूट के छात्रों ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**bhaskar.com**/local/uttar-pradesh/gonda/chhapia/news/masakanwa-chhapia-nursing-students-anti-drug-rally-awareness-138656440.html

दैनिक भास्कर August 7, 2026

नशामुक्ति पर छात्रों ने निकाली रैली।
छपिया क्षेत्र में मां गायत्री इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल साइंसेज के विद्यार्थियों ने नशामुक्ति अभियान के तहत मसकनवा बाजार क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया।

इस अवसर पर निदेशक डॉ. विजय बहादुर सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।

डॉ. सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा कर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। प्रशासक परशुराम सिंह ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें सामाजिक जागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। रैली के दौरान बाजारवासियों ने भी इस अभियान का समर्थन किया।

# कानपुर: मेडिकल कॉलेज में नुक्कड़ नाटक से नशे के प्रति किया जागरूक

amarujala.com/video/uttar-pradesh/kanpur/video-kanpur-gsvm-medical-college-drug-awareness-street-play-2026-08-06

प्रसून शुक्ला

Updated Thu, 06 Aug 2026 08:24 PM IST

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग की ओर से नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। मनोरोग विशेषज्ञों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। समय रहते जागरूकता, परामर्श और उपचार के जरिए इस समस्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉक्टरों, मेडिकल छात्रों और अन्य प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

# EAST

# Youth Arrested With Rs 8.7 Lakh Worth Brown Sugar In Cuttack

**ommcomnews.com**/odisha-news/youth-arrested-with-rs-8-7-lakh-worth-brown-sugar-in-cuttack

OMMCOM NEWS August 6, 2026

**Bhubaneswar:** Excise officials arrested a man with 87 grams of brown sugar worth an estimated Rs 8.7 lakh during a raid in Cuttack district on Thursday.

On the directions of Excise Superintendent Samarjit Das and under the direct supervision of Excise Deputy Superintendent Roshan Isu Hansda, the Excise Intelligence Department Unit-1 Flying Squad conducted the raid on Kotasahi village road under Tangi Police Station limits.

During the operation, Bharat Kumar Sahu, 31, son of Late Kailash Chandra Sahu of Kotasahi village, was arrested. Officials seized 87 grams of brown sugar from his possession.

A case has been registered under the NDPS Act, 1985. The accused was produced before the court of District Judge-cum-Special Judge, Cuttack. His bail application was rejected and he was sent to judicial custody.

Excise officials said further investigation is underway to trace the source of the contraband and possible links in the drug supply chain.

# Rs 40.63 lakh cash haul in Malda: 2 ‘drug smugglers’ held, brown sugar worth Rs 50 lakh recovered

TT **telegraphindia.com**/amp/west-bengal/rs-40-63-lakh-cash-haul-in-malda-2-drug-smugglers-held-brown-sugar-worth-rs-50-lakh-recovered-prnt/cid/2173757

Soumya De Sarkar August 7, 2026

Police in Malda seized ₹40.63 lakh in cash and 568 grams of brown sugar (a derivative of heroin) from two suspected drug smugglers at Rangabhita near Gazole on Thursday.

Both of them have been arrested.

The operation comes just four days after ₹2.42 crore in cash was recovered from a flat at Mangalbari in Malda during a joint operation by the Malda and South Dinajpur police. Three persons were arrested on charges of accumulating the money through the illegal trade of banned cough syrup. Around 9,000 cough bottles were also recovered from a warehouse during the raid.

Anupam Singh, the superintendent of police of Malda, said on Thursday that the two alleged drug smugglers had been intercepted by a team from the Gazole police station following a specific tip-off.

Siddhartha Mandal, a resident of the Baishnabnagar police station area, and Kishor Mandal of Sahabazpur of the Kaliachak police station limits, were returning from Bihar on two motorcycles along NH12.

“Based on prior intelligence regarding their movement, we intensified surveillance and intercepted them. During the search, a huge amount of cash and a substantial quantity of brown sugar were recovered. Both motorcycles were also seized,” Singh said.

The police said the cash, recovered in 500, 200 and 100 rupee notes, was counted using three currency-counting machines, a process that took nearly two hours.

According to investigators, the total seizure comprised ₹40.63 lakh in cash and 568 grams of narcotics, estimated to have a value of around ₹50 lakh on the black market.

During preliminary interrogation, the accused allegedly admitted that the cash had been generated through the sale of narcotics in Bihar.

“We suspect the duo are linked to an interstate drug trafficking network. Investigation is underway to identify other members of the racket and trace the source and destination of the narcotics,” said a police officer.

# समस्तीपुर में होम थिएटर में छिपाकर लाई जा रही 75 ग्राम हेरोइन बरामद, तस्कर गिरफ्तार

newstobihar.in/2026/08/home-theatres-in-samastipur

Pargati Singh

August 7, 2026

समस्तीपुर।नगर थाना क्षेत्र के बारहपत्थर मुहल्ला स्थित डीआरएम चौक के समीप बुधवार देर शाम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 75 ग्राम हेरोइन के साथ एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया. आरोपी ने हेरोइन को होम थिएटर के साउंड बॉक्स के अंदर छह साबुनदानियों में छिपाकर रखा था.

संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर दबोचा

गिरफ्तार आरोपी की पहचान वैशाली जिले के जंदाहा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी नितेश कुमार के रूप में हुई है. नगर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि एसटीएफ, मद्यनिषेध विभाग और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, पटना से सूचना मिली थी कि अवध-असम एक्सप्रेस से एक व्यक्ति हेरोइन लेकर समस्तीपुर पहुंच रहा है.

सूचना के बाद दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर नगर थाना पुलिस, अंचलाधिकारी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने डीआरएम चौक के समीप वाहन जांच अभियान शुरू किया.

होम थिएटर के अंदर छिपाकर रखी थी हेरोइन

जांच के दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया. तलाशी में उसके कार्टन में रखे होम थिएटर के अंदर छह साबुनदानियों में पैक 75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई.

असम से लाकर महनार में करनी थी सप्लाई

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह हेरोइन असम से खरीदकर लाया था और महनार-जंदाहा रोड पर आरजे नामक व्यक्ति को इसकी डिलीवरी देने वाला था.

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस दूसरे संदिग्ध की तलाश में छापेमारी कर रही है. नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. तस्करी के पूरे नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है.

# हथुआ पुलिस ने 5 स्मैक तस्कर पकड़े:3.49 ग्राम स्मैक, बाइक, नकदी और मोबाइल बरामद

**bhaskar.com**/local/bihar/gopalganj/phulwaria/news/gopalganj-hathua-police-arrest-drug-peddlers-smack-seized-138648939.html

दैनिक भास्कर

August 6, 2026

गोपालगंज जिले की हथुआ थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने लगभग 3.49 ग्राम स्मैक के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 6 अगस्त की दरमियानी रात को की गई।

# SSB और पुलिस ने 8 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की:जयनगर में दो नेपाली नागरिक गिरफ्तार, बाइक और आईफोन भी बरामद

bhaskar.com/local/bihar/madhubani/jainagar/news/jaynagar-ssb-police-arrest-nepali-citizens-brown-sugar-seized-138651531.html

दैनिक भास्कर August 6, 2026

पंकज कुमार | जयनगर, मधुबनी17 घंटे पहले

भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और बिहार पुलिस ने जयनगर में 8 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर, एक मोटर साइकिल और एक आईफोन के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

यह संयुक्त कार्रवाई 48वीं वाहिनी एसएसबी, जयनगर की 'एफ' समवाय, बाह्य सीमा चौकी बेतौन्हा और बिहार पुलिस, थाना जयनगर द्वारा की गई। विश्वसनीय सूचना के आधार पर, बेतौन्हा चेक पोस्ट-I, सीमा स्तंभ संख्या 268/17 से लगभग 25 मीटर भारतीय क्षेत्र में नियमित जांच चल रही थी।

इसी दौरान, मोटर साइकिल पर आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को संयुक्त टीम ने रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से 8 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर, एक मोटर साइकिल और एक आईफोन 14 प्रो बरामद हुआ। बरामद संदिग्ध मादक पदार्थ की मौके पर ड्रग डिटेक्शन किट और डॉग स्क्वाड द्वारा पुष्टि की गई।

विधिसम्मत कार्रवाई के बाद दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए नेपाली नागरिक नेपाल के सिराहा जिले, मधेश प्रदेश के निवासी हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि बरामद ब्राउन शुगर भारत के जोगिया गांव से किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदकर नेपाल ले जाई जा रही थी।

मामले में तस्करी नेटवर्क और अन्य संबंधित व्यक्तियों के संबंध में विस्तृत जांच जारी है। बरामद मादक पदार्थ, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों को एनडीपीएस अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई पूरी कर पुलिस थाना जयनगर को सौंप दिया गया है।

आसूचना प्रवर्तन समन्वय

INTELLIGENCE ENFORCEMENT COORDINATION

**Narcotics Control Bureau, Govt. of India**

**नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, भारत सरकार**

Do you have a tip for NCB? Call on toll free number 1933 (24x7 : National Narcotics Helpline)

## Join Us

narcoticsindia.nic.in | narcoticsbureau | ncbmanas | narcoticscontrolbureauindia | india.ncb

Narcotics control Bureau | narcotics-control-bureau | narcotics-control-bureau-india